# लखनऊ नगर निगम,लखनऊ

लालबाग,टी0एन0रोड,लखनऊ–226001(उ0प्र0)
ई–मेल nnlko@up.nic.in

पत्र सं0: 423/मु-अ-/25-26 दिनांकः 20/2/26

## अल्पकालीन निविदा सूचना

नगर निगम लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्यो हेतु 7-3-2026 को मोहरबन्द निविदाएं आमंत्रित की जाती है । निविदा प्रपत्र 6-3-2026 तक अपराह्न 2:00 बजे तक कार्यालय दिवस की अवधि में फार्म कीपर कार्यालय के अतिरिक्त, मुख्य अभियन्ता एवं मुख्य वित्त लेखाधिकारी कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते है तथा नगर निगम की बेवसाइट lmc.up.nic.in से टेंडर नोटिस डाउनलोड किया जा सकता है। निविदा प्रपत्र मण्डलायुक्त महोदय लखनऊ के कार्यालय, जिलाधिकारी महोदय के कार्यालय एवं मुख्य अभियन्ता, नगर निगम, लखनऊ के कार्यालय में दिनांक 7-3-2026 को अपरान्हन 3:00 बजे तक रखे निविदा बाक्स में डाले जा सकती है। प्राप्त निविदाओ को उसी तिथि को अपरान्हन 4:00 बजे निविदा समिति के समक्ष खोला जायेगा। यदि निविदा तिथि को अवकाश होता है तो निविदा अगले कार्य दिवस को डाली एवं खोली जायेगी। किसी भी निविदा को स्वीकार एवं अस्वीकार करने का अधिकार सक्षम अधिकारी में निहित होगा। पेवर कार्य हेतु निविदादाता के पास स्वयं का कम्पूटराइज हाट मिक्स प्लान्ट व ब्राइवेटर रोलर होना आवश्यक है।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | आगणन धनराशि | धरोहर धनराशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | 18 प्रतिशत जी0एस0टी0 | कुल निविदा मूल्य जी.एस.टी. सहित |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | स्वच्छ सर्वेक्षण 2025–26 के दृष्टिगत राजीव गॉधी प्रथम वार्ड के अन्तर्गत उजरियांव प्राथमिक विद्यालय के सामने इण्टरलाकिंग टाइल्स एवं नाली का सुधार कार्य। | 337391.00 | 33739.00 | 07 दिवस | 337.00 | 61.00 | 398.00 |
| 2 | स्वच्छ सर्वेक्षण 2025–26 के दृष्टिगत पेपर मिल वार्ड के अन्तर्गत भीखमपुर प्राथमिक विद्यालय की मरम्मत, रंगाई–पुताई एवं टाइल्स मरम्मत का कार्य। | 684051.00 | 68405.00 | 07 दिवस | 684.00 | 123.00 | 807.00 |
| 3 | स्वच्छ सर्वेक्षण 2025–26 के दृष्टिगत चिनहट द्वितीय वार्ड के अन्तर्गत गुलाम हुसैन का पुरवा प्राथमिक विद्यालय में शौचालय की मरम्मत एवं रंगाई–पुताई का कार्य। | 330738.00 | 33074.00 | 07 दिवस | 331.00 | 60.00 | 390.00 |
| 4 | स्वच्छ सर्वेक्षण 2025–26 के दृष्टिगत काल्विन कालेज–निशातगंज वार्ड के अन्तर्गत राजकीय इण्टर कालेज में शौचालय की छत एवं सड़क का कार्य। | 425781.00 | 42578.00 | 07 दिवस | 426.00 | 77.00 | 502.00 |
| 5 | स्वच्छ सर्वेक्षण 2025–26 के अन्तर्गत चयनित बेस्ट एरिया में स्थित 07 पार्को का मरम्मत का कार्य। | 837020.00 | 83702.00 | 07 दिवस | 837.00 | 151.00 | 988.00 |
| 6 | स्वच्छ सर्वेक्षण 2025–26 के अन्तर्गत चयनित बेस्ट एरिया राजीव गॉधी द्वितीय वार्ड में विराम खण्ड में म0सं0 2/213 के सामने स्थित पार्क में औद्यानिक, सौन्दर्यीकरण का कार्य। | 788498.00 | 78850.00 | 07 दिवस | 788.00 | 142.00 | 930.00 |
| 7 | स्वच्छ सर्वेक्षण 2025–26 के अन्तर्गत चयनित बेस्ट एरिया में स्थित 07 पार्को में कम्पोस्ट पिट, 10 स्थानों पर साइनेज बोर्ड एवं 10 स्थानों पर वेस्ट टू वंडर का कार्य। | 845261.00 | 84526.00 | 07 दिवस | 845.00 | 152.00 | 997.00 |
| 8 | स्वच्छ सर्वेक्षण 2025–26 के अन्तर्गत चयनित बेस्ट एरिया में चिनहट प्रथम वार्ड के विनीत खण्ड में म0सं0 1/180 के सामने स्थित पार्क का औद्यानिक सौन्दर्यीकरण का कार्य। | 353802.00 | 35380.00 | 07 दिवस | 354.00 | 64.00 | 417.00 |
| 9 | स्वच्छ सर्वेक्षण 2025–26 के अन्तर्गत चयनित बेस्ट एरिया में राजीव गॉधी प्रथम वार्ड विजय खण्ड में म0सं0 1/131 के सामने स्थित स्वर्ण जयन्ती पार्क का औद्यानिक सौन्दर्यीकरण का कार्य। | 659542.00 | 65954.00 | 07 दिवस | 660.00 | 119.00 | 778.00 |

शर्ते :–

1. निविदा में प्रतिभाग हेतु नगर निगम में पंजीकृत होना आवश्यक नही है। न्यूनतम निविदा धारक को सफल होने पर नियमानुसार पंजीकरण कराना आवश्यक होगा। (आवेदक निविदादाता को शासनादेश संख्या 3890/नौ–5–19–149सा0/2019 दिनांक 20.09.2019 का अनुपालन सुनिश्चित करना होगा)
2. शासनादेश सं0–6738/23–7–06–176(सा0)/06 दिनांक 31.01.2007 का पालन करते हुए रू0 40.00 लाख की धनराशि पर 10 प्रतिशत की दर से जमानत धनराशि निविदा के समय ही जमा करायी जायेगी। शासनादेश संख्याः– 692/23–07–2024 दिनांक 09–08–2024 के अनुसार यदि न्यूनतम निविदादाता की निविदित लागत, स्वीकृति (डी0ओ0व्यू0) लागत से 10 प्रतिशत से अधिक कम (Below) है तो 10 प्रतिशात से अधिक कमी (Below) के सापेक्ष 1 प्रतिशत प्रति प्रतिशत कम (Below) दर पर अतिरिक्त परफार्मेन्स सिक्योरिटी ली जायेगी जिसे ठेकेदार से अनुबन्ध गठन के समय जमा कराया जायेगा। अतिरिक्त परफारमेन्स सिक्यूरिटी ऑनलाइन इण्टरनेट बैंकिग/आर0टी0जी0एस0/एन0ई0एफ0टी/डयूली प्लेज्ड एफ0डी0आर0/बैंक गारण्टी के माध्यम से स्वीकार की जायेगी।
3. कार्य पूर्ण होने के 1 वर्ष की डिफेक्ट लायबिलिटि पीरियड के उपरान्त कार्य सन्तोशजनक पाये जाने पर ही जमानत धनराशि अवमुक्त किया जायेगा।
4. 15 प्रतिशत से अधिक की न्यून दर की निविदाओं में अतिरिक्त परफारमेन्स सिक्योरिटी डिफेक्ट लायबिलिटी पीरियड पूर्ण होने एवं कार्य सन्तोशजनक पाये जाने पर के उपरान्त ही अवमुक्त की जायेगी।
5. किसी कार्य में एक से अधिक निविदादाताओं की एक समान दर पर सर्वन्यून निविदा प्राप्त होने पर इन निविदादाताओं के मध्य लाटरी के माध्यम से सफल निविदादाता का चयन किया जायेगा।
6. 15 प्रतिशत से अधिक न्यून निविदाओं की स्वीकृति के पूर्व सम्बन्धित निविदादाता द्वारा शपथ–पत्र पर गुणवत्तापरक कार्य करने हेतु अपनी कार्ययोजना/बारचार्ट निविदा समिति के समक्ष प्रस्तुत करना होगा एवं निविदा समिति द्वारा गुण दोष के आधार पर निविदा स्वीकृति/अस्वीकृत पर निर्णय लिया जायेगा।

मुख्य अभियन्ता

प्रतिलिपि :–

1. मा0 महापौर महोदया को सूचनार्थ।
2. मण्डलायुक्त, लखनऊ मण्डल।
3. जिलाधिकारी महोदय।
4. नगर आयुक्त महोदय।
5. अधि ाासी अभियन्त–4 को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि समाचार पत्र में प्रकाशित निविदा सूचना का सत्यापन कर ले।
6. प्रभारी अधिकारी प्रचार विज्ञापन कराने हेतु।
7. नोटिस बोर्ड।

मुख्य अभियन्ता